युवा पोर्टल से निकलेगी रोजगार की राह

क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग ने यूनिसेफ के सहयोग से लॉन्च किया पोर्टल

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के संगम पोर्टल की तरह ही यूनिसेफ के सहयोग से युवा पोर्टल लॉन्च किया गया है। इसके जरिये अभ्यर्थियों को रोजगार पाने की राह आसान होगी। यहां प्लेसमेंट से लेकर कंपनियों समेत अन्य जानकारियां एक स्थान पर मिल सकेंगी।

युवा पोर्टल के जरिये युवाओं को सरकारी योजनाओं, प्रयासों और संसाधनों से जुड़ने में मदद मिलेगी। सरकार की नवीन योजनाएं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी होगी।

यहां युवा नौकरी, कौशल के अलावा प्रशिक्षण, स्वरोजगार, प्रतियोगी परीक्षा, कॅरिअर काउंसिलिंग और स्टार्टअप की योजनाओं से रूबरू हो सकेंगे।

चारबाग आईटीआई के प्रधानाचार्य चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि युवा पोर्टल पर सबसे पहले युवाओं को अपना पंजीकरण कराना होगा। यह व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क होगी। यहां अपनी प्रोफाइल के माध्यम से ही सूचीबद्ध करने का मौका मिलेगा।

उन्होंने बताया, पोर्टल पर कंपनियों के नाम, खाली पद व उनकी योग्यता, रोजगार मेले में प्रतिभाग करने का समय व अन्य जानकारियां मिलेंगी।

समग्र विकास को बढ़ावा देगा यह पोर्टल

क्षेत्रीय सेवायोजन विभाग के संगम पोर्टल पर केवल रोजगार से संबंधित जानकारियां होती हैं, लेकिन युवा पोर्टल में अभ्यर्थियों की योग्यतानुसार कॅरिअर से संबंधित जानकारियां होंगी। यहां निजी क्षेत्र के साथ सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी साझा की जाती है। यह अभ्यर्थियों के समग्र विकास को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी। पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों के मोबाइल फोन और ईमेल के माध्यम से सभी जानकारी उपलब्ध होगी।